उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 13.03.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

जनपद महोबा में प्रस्तावित VVIP भ्रमण एवं जनसभा कार्यक्रम पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तैयारियों का किया गया स्थलीय निरीक्षण, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी तथा केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी जी का आज दिनांक 13.03.2023 को जनपद भ्रमण एवं जनसभा कार्यक्रम होना प्रस्तावित है, कार्यक्रम के दौरान अचूक एवं त्रुटि रहित सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम के दौरान एवं कार्यक्रम के उपरान्त सुदृढ़, सुविधाजनक यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत विभिन्न पार्किंग स्थल का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस अधि./कर्म. को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

इसी क्रम में **DIG** महोदय चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संयुक्त रुप से कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल/मंच एवं हेलीपैड का सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित सुरक्षा तैयारियो का जायजा लिया गया, इस दौरान कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर सुरक्षा/सतर्कता सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर कार्यक्रम को सकुशल, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु कार्यक्रम स्थल पर तथा कार्यक्रम स्थल के समीप पहाड़ो के चारों ओर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात हैं जो सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहते हुये शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम किये हुये है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 13.03.2023

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

वीवीआईपी के जनपद आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा व पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।

आज दिनांक **13.03.2023** को मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं मा0 केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के जनपद आगमन एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज श्री भानू भास्कर द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा श्री विपिन कुमार मिश्रा व पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के साथ थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा चरखारी में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया व आमजन से वार्ता कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा अफवाहों पर ध्यान न देने, स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें, अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, ढाबा व संवेदनशील स्थानों आदि जगहों पर प्रभावी पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गयी तथा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के चालान व सीज की कार्यवाही की गई।

महोबा पुलिस